**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**

**दिनांकः 01.08.2025** **समय : 09:00 ए.एम.**

- **बैंकिंग कानून संशोधन अधिनियम–2025 आज से देशभर में लागू हो रहा है।**
- **राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने भारतीय ज्ञान संपदा का सदुपयोग करने की आवश्यकता पर जोर दिया है।**
- **विश्व स्तनपान सप्ताह आज से शुरू –स्तनपान को बढावा देने के लिए प्रदेशभर में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां होंगी।**
- **भारी बरसात से प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य जारी– शेखावाटी क्षेत्र और बीकानेर संभाग में आज कहीं–कहीं मध्यम से भारी बरसात की संभावना।**

00000

बैंकिंग कानून संशोधन अधिनियम–2025 आज से लागू हो रहा है। इस वर्ष 15 अप्रैल को अधिसूचित अधिनियम का उद्देश्य बैंकिंग क्षेत्र में शासन मानकों में सुधार लाना और जमाकर्ताओं तथा निवेशकों के लिए बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसके अलावा "पर्याप्त ब्याज" की सीमा को 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 2 करोड़ रुपये करना है। यह 1968 से अपरिवर्तित रही सीमा को संशोधित करेगा। इस अधिनियम के जरिए सहकारी बैंकों में निदेशक के कार्यकाल को आठ वर्ष से बढ़ाकर 10 वर्ष कर दिया गया है।

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वाराणसी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त जारी करेंगे। इसके तहत नौ करोड़ 70 लाख से ज़्यादा किसानों को 20 हज़ार 500 करोड़ रुपये से अधिक राशि बैंक खातों में सीधे हस्तान्तरित की जायेगी। इस दौरान, श्री मोदी लगभग 2 हज़ार 200 करोड़ रुपये लागत की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे।

000000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा है कि भारतीय ज्ञान संपदा, समृद्ध और विपुल है। सभी को इस संपदा का सदुपयोग करने की जरूरत है। श्री बागडे कल उदयपुर में मोहनलाल सुखाड़िया स्मृति व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में आयोजित समारोह में उन्होंने कहा कि दुनिया के सभी विषयों का लिखित प्रमाण भारतीय ग्रंथों में उपलब्ध है। राज्यपाल ने शिक्षा जगत से जुड़े लोगो तथा विद्यार्थियों को अपनी क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया। इससे पहले श्री बागड़े ने विश्वविद्यालय परिसर में नवनिर्मित महाराणा कुम्भा कला भवन का लोकार्पण किया। राज्यपाल शिल्पग्राम भी गये, जहां उन्होंने लोककलाकारों की प्रस्तुतियां देखी।

000000

अजमेर रेल मंडल के स्टेशनों पर आज से स्वच्छता पखवाडा मनाया जायेगा। 15 अगस्त तक चलने वाले इस पखवाड़े के तहत प्लेटफॉर्म्स और स्टेशन की साफ सफाई की जायेगी। हमारी संवाददाता ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह को और बेहतर तरीके से मनाने तथा स्वच्छता के महत्व को उजागर करने के लिए यह अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान रेल्वे पटरियों के आस–पास से कचरा भी उठाया जायेगा।

**0000**

रामदेवरा मेले में जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आज से मेला स्पेशल ट्रेन चलायी जा रही है। जोधपुर और रामदेवरा के बीच चलने वाली ये ट्रेन सात सितम्बर तक कुल 38 ट्रिप करेगी। ये रेलगाड़ी रोजाना जोधपुर से सुबह चार बजे रवाना होकर सुबह पौने आठ बजे रामदेवरा पहुंचेगी। वापसी में ये ट्रेन रामदेवरा से सुबह आठ बजकर 25 मिनट पर रवाना होकर दोपहर बारह बजे जोधपुर पहुंचेगी। वहीं दिल्ली और जैसलमेर के बीच चलने वाली रूणिचा एक्सप्रेस आज से 27 अगस्त तक वाया जयपुर चलाई जाएगी। फुलेरा–रींगस–रेवाड़ी रेलखंड के बीच डबल ट्रेक के निर्माण कार्य की वजह से ये फैसला लिया गया है।

000

विश्व स्तनपान सप्ताह आज से शुरू हो रहा है। दुनियाभर में स्तनपान के प्रति जागरूकता बढाने के लिए अगस्त के पहले सप्ताह को स्तनपान सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। सप्ताह के तहत प्रदेशभर के चिकित्सा संस्थानों में स्तनपान को बढावा देने के लिए जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। हनुमानगढ के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि इस दौरान संगोष्ठी और कार्यशालाएं आयोजित कर माताओं को स्तनपान के फायदों के बारे में बताया जायेगा।

00000

टोंक जिले में बनास नदी पर बने ईसरदा बांध में पहली बार जल संग्रहण शुरू हो गया है। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने इस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे सरकार की बडी उपलब्धि बताया है।

0000

प्रदेश में आज शेखावाटी क्षेत्र और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं मध्यम से भारी बरसात होने की संभावना है। मौसम विभाग ने झुंझुनूं सीकर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ और श्रीगंगानगर में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इस बीच राज्य में कल राजधानी जयपुर सहित 20 शहरों में मध्यम से तेज बारिश दर्ज की गई। बारिश से कई स्थानों पर जनजीवन प्रभावित है। नदी नालों में उफान से कई रास्ते बंद है। बांसवाडा में कागदी पिकअप बांध के पांच गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। अलवर में तेज बरसात से निचले इलाकों में पानी भर गया। भरतपुर शहर में भी जगह–जगह जलजमाव हो गया है। सवाईमाधोपुर में सूरवाल बांध से ओवरफ्लो हुए पानी से कोटा मेगाहाईवे पर अभी भी दो से तीन फीट पानी भरा हुआ है। इससे कुछ गांव टापू में बदल गये है। हालांकि बारिश का दौर धीमा पडने से लोगों को कुछ राहत मिली है। जगह–जगह भरे जल को जिला प्रशासन की ओर से निकाला जा रहा है। धौलपुर में चंबल नदी का जलस्तर स्थिर होने से कुछ राहत है। करौली से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां भी राहत और बचाव कार्य जारी है।

.....

भारी बारिश की संभावना को देखते हुए विभिन्न जिलों मे स्कूलों में आज का अवकाश घोषित किया गया है। कुछ जिलों में एहतियातन बच्चों की कल की भी छुट्टी रखी गयी है।

0000

केन्द्र सरकार के जीवन संजीवनी अभियान के तहत 15वां अंगदान दिवस 3 अगस्त को मनाया जायेगा। ये अभियान लोगों को अंगदान के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए चलाया जा रहा है। जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से लोगों को अंगदान के प्रति प्रेरित भी किया जा रहा है। लोगों को ई–अंगदान शपथ दिलायी जा रही है।

0000